# ओ गौ माँ के रखवाले सुन जग के पालनहारे लिरिक्स

नंदलाल, नंदलाल, नंदलाल,
ओ गौ माँ के रखवाले,
सुन जग के पालनहारे,
सुन जग के पालनहारे।bd।

तर्ज – ओ दुनिया के रखवाले।

---

पैदा करने वाली माता,
कुछ दिन दूध पिलाये,
वर्षों दूध पिलाऊँ जिसको,
मेरा वध करवाये,
तू आकर मुझे बचाले,
ओ बेबस ओर लाचार मरूँ मैं,
अब तो कंठ लगाले,
अब तो कंठ लगाले,
ओ.. अब तो कंठ लगाले,
ओ गो माँ के रखवाले,
सुन जग के पालनहारे,
सुन जग के पालनहारे।bd।

---

बैरन हो गई धरती सारी,
अपने हुए पराये,
आँखों में अंसुवन की धारा,
तुझको दर्द बतायें,
सुन मेरी करूण कथायें,
ओ गैया तेरी संकट में है,
रो रो तुझे पुकारें,
ओ गो माँ के रखवाले।bd।

---

भूल हुई क्या ऐसी मुझसे,
कोई न रक्षक मेरा,
जरा देखले कैसे कसाई,
वध करता है मेरा,
तुम कब आओगे देवा,
ओ चक्र उठाओ बच ना पायें,
ये पापी हत्यारे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ गो माँ के रखवाले।bd।

धरती पर अवतार लिया है,
जब जब विपदा आईं,
नाश अधर्म का करके तूने,
धर्म की ज्योत जलाई,
क्या भूल गये गिरधारी,
ओ गीता मे जो वचन दिया था,
आकर उसे निभा दे,
ओ गो माँ के रखवाले।bd।

ओ गौ माँ के रखवाले,
सुन जग के पालनहारे,
सुन जग के पालनहारे।bd।

गायक / प्रेषक – प्रदीप अग्रवाल।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com